Series #CDBA

**SET-4**

प्रश्न–पत्र कोड
Q.P. Code **92**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **21** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **15** printed pages.
- Please check that this question paper contains **21** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# वित्तीय बाज़ार परिचय

# INTRODUCTION TO FINANCIAL MARKETS

*निर्धारित समय : 2 घण्टे*
*Time allowed : 2 hours*

*अधिकतम अंक : 50*
*Maximum Marks : 50*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *कृपया निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **21** प्रश्न हैं जो कि दो खण्डों में विभाजित हैं : खण्ड-**अ** और खण्ड-**ब** ।*

*(iii)* *खण्ड-**अ** में वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न हैं तथा खण्ड-**ब** में विषयपरक प्रकार के प्रश्न शामिल हैं ।*

*(iv)* *दिए गए **(5 + 16 =) 21** प्रश्नों में से प्रत्येक विद्यार्थी को निर्धारित (अधिकतम) समय **2** घंटे में **(5 + 10 =) 15** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*(v)* *किसी भी खण्ड विशेष के उत्तर सही क्रम में लिखे जाएँ ।*

*(vi)* ***खण्ड-अ : वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न (24 अंक) :***

*(a)* *इस खण्ड में **05** प्रश्न हैं ।*

*(b)* *कोई नकारात्मक अंकन नहीं है ।*

*(c)* *दिए गए निर्देशों के अनुसार कार्य करें ।*

*(d)* *निर्धारित अंक प्रत्येक प्रश्न / खण्ड के सामने दिए गए हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड-ब : विषयपरक प्रकार के प्रश्न (26 अंक)***

*(a)* *इस खण्ड में **16** प्रश्न हैं ।*

*(b)* *प्रत्येक विद्यार्थी को **10** प्रश्न हल करने हैं ।*

*(c)* *दिए गए निर्देशों के अनुसार उत्तर दें ।*

*(d)* *निर्धारित अंक प्रत्येक प्रश्न / खण्ड के सामने दिए गए हैं ।*

## खण्ड – अ

## (वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न)

1. रोज़गार कौशल पर दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **4** प्रश्नों के उत्तर दें । **4 × 1 = 4**

(i) बोलना संचार का सबसे प्रभावी और आमतौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला तरीका है । यह हमारी भावनाओं को शब्दों में व्यक्त करने में मदद करता है । इससे संचार कौशल में सुधार होता है, आप संबंध बनाएँगे और बेहतर जुड़ाव होगा । इस संचार को किस रूप में जाना जाता है ? **1**

(a) मौखिक संचार (b) गैर-मौखिक संचार

(c) दृश्य संचार (d) दोनों (a) और (c)

(ii) ________ को किसी कथित माँग या चुनौती के प्रति हमारी भावनात्मक, मानसिक, शारीरिक और सामाजिक प्रतिक्रिया के रूप में परिभाषित किया जा सकता है । **1**

(iii) "कितना ?"; "कितने ?" और "मुझे कैसे पता चलेगा कि मैंने परिणाम प्राप्त कर लिए हैं ?" इस स्मार्ट लक्ष्य की पहचान कीजिए । **1**

**General Instructions :**

*(i)* *Please read the instructions carefully.*

*(ii)* *This question paper consists of **21** questions in two sections : Section **A** & Section B.*

*(iii)* *Section-**A** has Objective Type Questions whereas Section **B** contains Subjective type questions.*

*(iv)* *Out of the given **(5 + 16 =) 21** questions, a candidate has to answer **(5 + 10 =) 15** questions in the allotted (maximum) time of **2** hours.*

*(v)* *All questions of a particular section must be attempted in the correct order.*

*(vi)* *SECTION **A** – OBJECTIVE TYPE QUESTIONS (**24** MARKS) :*

*(a)* *This Section has **05** questions.*

*(b)* *There is no negative marking.*

*(c)* *Do as per the instructions given.*

*(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

*(vii)* *SECTION **B** – SUBJECTIVE TYPE QUESTIONS (**26** MARKS) :*

*(a)* *This Section has **16** questions.*

*(b)* *A candidate has to do **10** questions.*

*(c)* *Do as per the instructions given.*

*(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

## SECTION – A
## (Objective Type Questions)

1. Answer any **4** out of the given **6** questions on Employability Skills. **4 × 1 = 4**

(i) Speaking is one of the most effective and commonly used way of communication. It helps in expressing our emotions in words. This improves communication skills, you will build rapport, and have a better connect. This communication is known as : **1**

(a) Verbal communication (b) Non-verbal communication

(c) Visual communication (d) Both (a) and (c)

(ii) _______ can be defined as our emotional, mental, physical and social reaction to any perceived demand or threats. **1**

(iii) "How much ?"; "How many ?" and "How do I know that I have achieved results ?" Identify this SMART goal. **1**

(iv) कंप्यूटर क्रैश हो सकते हैं, मनुष्य गलतियाँ कर सकते हैं और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएँ आ सकती हैं । इसलिए कंपनियों, अस्पतालों, बैंकों आदि के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे अपनी जानकारी सुरक्षित रखें ताकि उनका व्यवसाय सुचारु रूप से चलता रहे और उनके ग्राहकों को समस्याओं का सामना न करना पड़े । यह इसके द्वारा किया जा सकता है : 1

(a) वायरस को स्कैन करना और साफ करना ।

(b) डेटा का बैक-अप लेना ।

(c) स्पैम हटाना ।

(d) डिस्क क्लीनर सॉफ्टवेयर ।

(v) मोहित एक उद्यमी है । वह कच्चे माल की व्यवस्था करता है, लोगों को काम पर रखता है और सभी को बताता है कि क्या करना है । वह यह भी जाँचता है कि योजना का पालन किया जा रहा है या नहीं । वह एक उद्‌यमी का कौन सा कार्य करता है ? 1

(a) निर्णय लेना (b) आय विभाजन करना

(c) जोखिम लेना (d) व्यवसाय का प्रबंधन

(vi) जैविक खेती वह है जहाँ किसान रासायनिक कीटनाशकों और उर्वरकों का उपयोग नहीं करते हैं । यह सुनिश्चित करता है 1

(a) उनकी उत्पादकता में वृद्धि

(b) बेहतर गुणवत्ता वाली रसायन मुक्त फसलें

(c) भविष्य में उपयोग के लिए मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखना

(d) उर्वरकों के उत्पादन पर प्रतिबंध लगाना

2. दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **5 × 1 = 5**

(i) यह वित्तीय परिसंपत्ति आमतौर पर अल्पकालिक या दीर्घकालिक परियोजनाओं के लिए धन जुटाने के लिए कंपनियों या सरकार द्वारा बेचा जाने वाला एक ऋण प्रपत्र है 1

(a) बॉण्ड (b) डिबेंचर

(c) इक्विटी (d) डेरिवेटिव्स

(ii) **अभिकथन (A) :** प्रतिभूतियाँ धन जुटाने के लिए जारी किए गए वित्तीय साधन हैं ।

**कारण (R) :** प्रतिभूति बाजारों का प्राथमिक कार्य उन लोगों से पूँजी का प्रवाह, जिनके पास यह है, से जिनको इसकी आवश्यकता है, की तरफ ले जाना है । 1

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(c) (A) सत्य है, लेकिन (R) गलत है ।

(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सत्य है ।

(iii) बुक बिल्डिंग मूल रूप से कुशल _________ के लिए आई.पी.ओ. में उपयोग की जाने वाली एक प्रक्रिया है । 1

(iv) Computers can crush, humans can make mistakes and natural disasters, such as floods can happen. So, it is important for companies, hospitals, banks, etc., to keep their information safe – so that their business can continue to function smoothly and their customers do not face problems. This can be done by 1

(a) Scanning and cleaning viruses

(b) Back up data

(c) Removing SPAM

(d) Disk Cleaner Software

(v) Mohit is an entrepreneur. He arranges for raw material, hires people for work and tells everyone what to do. He also checks if the plan is being followed. Which function of an entrepreneur does he perform ? 1

(a) Making Decisions (b) Divide income

(c) Taking risk (d) Managing Business

(vi) Organic farming is where farmers do not use chemical pesticides and fertilizers. It ensures : 1

(a) Increase their production

(b) Better quality chemical free crops

(c) Maintaining the soil quality for future use

(d) To ban the production of fertilizers

2. Answer any **5** out of given **6** questions. **5 × 1 = 5**

(i) This financial asset is usually a debt instrument sold by companies or the government to raise funds for short-term or long-term projects 1

(a) Bonds (b) Debenture

(c) Equity (d) Derivatives

(ii) **Assertion (A) :** Securities are financial instruments issued to raise funds.

**Reason (R) :** The primary function of the securities markets is to enable the flow of capital from those that have it to those that need it. 1

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but R is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, but (R) is false.

(d) (A) is false, but (R) is true.

(iii) Book building is basically a process used in IPO for efficient __________. 1

(iv) एन एस ई ने एक राष्ट्रव्यापी, ऑन–लाइन, पूरी तरह से स्वचालित व्यापार प्रणाली शुरू की, जहाँ एक सदस्य कंप्यूटर में प्रतिभूतियों की मात्रा और उस कीमत को देख सकता है जिस पर वह लेन–देन करना चाहता है और लेनदेन मिलान बिक्री अथवा विपक्षी से खरीद का ऑर्डर मिलने के तुरंत बाद निष्पादित किया जाता है । 1

इस ट्रैडिंग प्रणाली को कहा जाता है

(a) स्रोत आधारित व्यापार प्रणाली (एस.बी.टी.एस.)

(b) स्क्रीन बाउंड ट्रैडिंग सिस्टम (एस.बी.टी.एस.)

(c) स्क्रीन आधारित ट्रैडिंग सिस्टम (एस.बी.टी.एस.)

(d) स्क्रीन आधारित व्यापार प्रणाली (एस.बी.टी.एस.)

(v) श्री अय्यर विक्रेता है और श्री राज इस अनुबंध के खरीददार है । बेचे जाने वाले चावल की पूर्व निर्धारित मात्रा 500 किलोग्राम है और जिस कीमत पर चावल बेचा जाएगा वह ₹ 20 प्रति किलोग्राम है । इसलिए, अनुबंध की कीमत ₹ 10,000 (500 × 20) है, जो इसका मूल्य अंतर्निहित–चावल से प्राप्त होता है । अनुबंध भविष्य की तारीख पर पूरा किया जाएगा – अब से दो महीने बाद । यह तब होगा जब चावल श्री राज के गोदाम में पहुँचाया जाएगा और श्री अय्यर को ₹ 10,000 मिलेंगे । इस अनुबंध को पहचानें । 1

(vi) ये फंड मुख्य रूप से किसी विशेष व्यावसायिक क्षेत्र या उद्योग की कंपनियों के समता अंशों में निवेश करते हैं 1

(a) ग्रोथ फंड (b) डायवर्सिफाइड फंड

(c) सेक्टर फंड (d) इंडेक्स फंड

3. दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **5 × 1 = 5**

(i) ब्याज ________ का उपयोग करने के लिए विशेषाधिकार के लिए उधारकर्ता से ली जाने वाली राशि है । 1

(ii) इसका विनियामक क्षेत्राधिकार पूँजी निर्गमित करने और प्रतिभूतियों के हस्तांतरण में कॉर्पोरेट्स के अतिरिक्त, प्रतिभूति बाजार से जुड़े सभी मध्यस्थों और व्यक्तियों तक फैला हुआ है । यहाँ किस नियामक का उल्लेख है ? 1

(a) भारतीय रिज़र्व बैंक (आर.बी.आई.) (b) सेबी (SEBI)

(c) कंपनी रजिस्ट्रार (d) कंपनी मामले विभाग

(iii) एक सूचीबद्ध कंपनी या तो जनता के लिए प्रतिभूतियों का एक नया निर्गम बनाती है या एक प्रस्ताव दस्तावेज के माध्यम से जनता को बिक्री की पेशकश करती है । 1

(a) राइट्स इश्यू (b) आई.पी.ओ.

(c) निजी प्लेसमेंट (d) आगे इश्यू (एफ.पी.ओ.)

(iv) NSE introduced a nationwide, on-line, fully-automated trading system where a member can punch into the computer the quantities of a security and the price at which he would like to transact, and the transaction is executed as soon as a matching sale or buy order from a counter party is found. This trading system is referred as : **1**

(a) Source Based Trading System (SBTS)
(b) Screen Bound Trading System (SBTS)
(c) Screen Based Trading System (SBTS)
(d) Screen Based Trade System (SBTS)

(v) Mr. Iyer is seller and Mr. Raj is the buyer of this contract. The predetermined quantity of rice to be sold is 500 kg and the price at which the rice will be sold is ₹ 20 per kg. Hence, the price of contract is ₹ 10,000 (500 × 20), which derives its value from the underlying - rice. The contract will be future date - two months from now. This will happen when the rice will be delivered to Mr. Raj's warehouse and Mr. Iyer will receive ₹ 10,000. Identify this contract. **1**

(vi) These funds invest primarily in equity shares of companies in a particular business sector or industry **1**

(a) Growth Fund (b) Diversified Fund
(c) Sector Fund (d) Index Fund

3. Answer any **5** out of given **6** questions. **5 × 1 = 5**

(i) Interest is an amount charged to the borrower for the privilege of using ________. **1**

(ii) Its regulatory jurisdiction extends over corporates in the issuance of capital and transfer of securities in addition to all intermediaries and persons associated with securities market. Which regulator is refered to here ? **1**

(a) Reserve Bank of India (RBI)
(b) Securities Exchange Board of India (SEBI)
(c) Registrar of Companies
(d) Department of Company Affair

(iii) A listed company makes either a fresh issue of securities to the public or an offer for sale to the public, through an offer document. **1**

(a) Rights Issue (b) IPO
(c) Private Placements (d) Further Issue (FPO)

(iv) बोनस शेयर क्या है ? 1

(v) नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड (एन.सी.डी.ई.एक्स.) एक स्वतंत्र निदेशक मंडल और पेशेवर प्रबंधन के साथ एक राष्ट्र-स्तरीय, प्रौद्योगिकी संचालित ऑनलाइन कमोडिटी एक्सचेंज है । इस कथन के संदर्भ में कमोडिटी एक्सचेंज को परिभाषित कीजिए । 1

(vi) निम्नलिखित में से कौन सा लाभप्रदता अनुपात नहीं है ? 1

(a) सकल लाभ अनुपात (b) शुद्ध लाभ अनुपात
(c) ऋण-इक्विटी अनुपात (d) पूँजी पर प्रतिफल अनुपात

4. दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5 × 1 = 5**

(i) यह एक ऐसा मंच है जहाँ खरीददार और विक्रेता सेबी के सुपरिभाषित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए किसी भी व्यावसायिक दिन के विशिष्ट घंटों के दौरान वित्तीय उपकरणों का व्यापार करने के लिए एक साथ आते हैं । संगठन का नाम बताइए । 1

(ii) अधिकांश कंपनियाँ आमतौर पर उनके प्रवर्तकों द्वारा निजी तौर पर शुरू की जाती है । हालाँकि प्रवर्तकों की पूँजी और बैंकों और वित्तीय संस्थानों से ली गई उधारी लंबी अवधि में व्यवसाय स्थापित करने या चलाने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकती है । इसलिए कंपनियाँ जनता को समता में योगदान करने के लिए आमंत्रित करती है और व्यक्तिगत निवेशकों को अंश जारी करती हैं । प्राथमिक बाजार का मुख्य उद्देश्य है/हैं : 1

(a) धन जुटाना (b) नई प्रतिभूतियाँ जारी करना
(c) पूँजी वृद्धि (d) दोनों (a) और (b)

(iii) ________ अत्यधिक जोखिम वाले निवेश हैं । 1

(iv) **कथन-1 :** डिपॉजिटरी खाताधारक के निर्देश पर खातों के बीच प्रतिभूतियों की सुविधा प्रदान करता है । 1

**कथन-2 :** डिपॉजिटरी खाते में धनराशि भी रखती है ।

(a) कथन-1 और कथन-2 दोनों सत्य हैं ।
(b) कथन-1 और कथन-2 दोनों गलत हैं ।
(c) कथन-1 गलत है, लेकिन कथन-2 सत्य है ।
(d) कथन-1 सत्य है, लेकिन कथन-2 गलत है ।

(v) जैसे-जैसे प्रतिभूतियों की कीमत बढ़ती जाती है, कुछ निवेशकों को यह महसूस होता है कि कीमत उनके खरीदने के लिए बहुत अधिक है, या छोटे निवेशकों को यह महसूस होता है कि उनकी पहुँच से बाहर है । स्टॉक को विभाजित करने से शेयर की कीमत कम होकर अधिक "आकर्षक" स्तर पर आ जाती है । यह कौन सी कॉर्पोरेट कार्रवाई है ? 1

(a) लाभांश भुगतान (b) शेयर की बायबैक
(c) बोनस शेयर (d) स्टॉक स्प्लिट्स

(vi) किसी कंपनी का ________ धन के स्रोतों और संपत्ति बनाने/निर्माण के लिए उनके आवेदन को दर्शाने वाला एक रिकॉर्ड है । 1

(a) बैलेंस शीट (b) आय विवरण
(c) लाभ और हानि खाता (d) शेयर पूँजी

(iv) What is a Bonus share ? **1**

(v) National Commodity and Derivatives Exchange Limited (NCDEX) is a national-level, technology-driven online commodity exchange with an independent Board of Directors and Professional management. In the context of this statement, define the Commodity Exchange. **1**

(vi) Which of the following is not a profitability ratio ? **1**

(a) Gross Profit Ratio (b) Net Profit Ratio

(c) Debt-Equity Ratio (d) Return on Capital Ratio

4. Answer any **5** out of given **6** questions. **5 × 1 = 5**

(i) It is a platform where buyers and sellers come together to trade financial tools during specific hours of any business day while adhering to SEBI's well-defined guidelines. Name the organisation. **1**

(ii) Most companies are usually started privately by their promoter(s). However, the promoters' capital and the borrowings from banks and financial institutions may not be sufficient for setting up or running the business over a long term. So companies invite the public to contribute towards the equity and issue shares to individual investors. The main objective(s) of primary market is/are **1**

(a) To raise funds (b) Issuance of New Securities

(c) Capital Appreciation (d) Both (a) and (b)

(iii) ________ are High Risk Investments. **1**

(iv) **Statement-1 :** Depository facilitates securities between accounts on the instruction of the account holder. **1**

**Statement-2 :** Depository also holds funds in account.

(a) Both Statement-1 and Statement-2 are true.

(b) Both Statement-1 and Statement-2 are false.

(c) Statement-1 is false, but Statement-2 is true.

(d) Statement-1 is true, but Statement-2 is false.

(v) As the price of a security gets higher and higher, some investors may feel the price is too high for them to buy, or small investors may feel it is unaffordable. Splitting the stock brings the share price down to a more "attractive" level. Which corporate action is this ? **1**

(a) Dividend Payment (b) Buyback of share

(c) Bonus share (d) Stock splits

(vi) ________ of a company is a record showing source of funds and their application of creating/building assets. **1**

(a) Balance Sheet (b) Income Statement

(c) Profit and Loss Account (d) Share Capital

5. दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **$5 \times 1 = 5$**

(i) विभिन्न उत्पाद जिनमें निवेश किया जा सकता है वे वित्तीय उत्पाद हैं जैसे बैंक में सावधि जमा, शेयर बाजार में शेयर खरीदना, म्यूचुअल फंड में निवेश करना आदि और गैर-वित्तीय उत्पाद जैसे – भूमि, सोना, चाँदी की खरीद आदि। गैर-वित्तीय उत्पादों को इससे भी जाना जाता है **1**

(a) वित्तीय संपत्ति (b) चालू संपत्ति

(c) वास्तविक संपत्ति (d) दोनों (a) और (c)

(ii) जो कंपनियाँ अपने अंश जारी करती हैं उन्हें जारीकर्ता कहा जाता है और जनता को शेयर जारी करने की प्रक्रिया को ________ के रूप में जाना जाता है। **1**

(iii) एक्सचेंज पर ट्रैडिंग निवेशकों को ऑफर करती है **1**

(a) बाज़ार में उस समय प्रचलित सर्वोत्तम कीमतें।

(b) किसी भी प्रतिपक्ष जोखिम का अभाव।

(c) निवेशक की शिकायत और निवारण तंत्र तक पहुँच।

(d) गैर-सूचीबद्ध प्रतिभूतियों में व्यापार करना।

(iv) **अभिकथन (A) :** डिपॉजिटरी ने न्यूनतम शेष राशि निर्धारित की है। **1**

**कारण (R) :** निवेशकों के डीमैट खाते में शून्य बैलेंस हो सकता है।

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) (A) सत्य है, लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सत्य है।

(v) यदि विवाद का कोई पक्ष एक्सचेंज द्वारा प्रदान की गई शिकायत समाधान प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं है तो संबंधित पक्ष एक्सचेंज द्वारा प्रदान की गई ________ का लाभ उठा सकता है। **1**

(a) क्लीयरिंग कॉर्पोरेशन (b) मध्यस्थता

(c) सेबी (SEBI) (d) कोर्ट

(vi) लाभांश वितरित करने के पश्चात् लाभ का भाग कंपनी भविष्य में फंड आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने पास रख लेती है। वर्षों से संचित प्रतिधारित लाभ कहलाते हैं : **1**

(a) सामान्य लाभ (b) पूँजीगत लाभ

(c) आरक्षित और अधिशेष (d) शुद्ध लाभ

5. Answer any **5** out of given **6** questions. **5 × 1 = 5**

(i) The various products in which investments may be done are financial products viz. fixed deposits in bank, buying shares in stock market, investing in Mutual Funds, etc. and non-financial products viz. purchase of land, gold, silver, etc. The non-financial products are also known as ________. 1

(a) Financial Assets (b) Current Assets

(c) Real Assets (d) Both (a) and (c)

(ii) The companies that issue their shares are called issuers and the process of issuing shares to public is known as _______. 1

(iii) Trading at the exchange offers investors 1

(a) The best prices prevailing at time in the market

(b) Lack of any counter party risk

(c) Access to investor grievance and redressal mechanism

(d) To do trading in the unlisted securities.

(iv) **Assertion (A) :** The Depository has prescribed minimum balance. 1

**Reason (R) :** Investors can have zero balance in their demat account.

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not correct explanation of (A).

(c) (A) is true, but (R) is false.

(d) (A) is false, but (R) is true.

(v) In case one of parties to the dispute is not satisfied with the complaint resolution process provided by the exchange then the concerned party may avail the _______ provided by the exchange. 1

(a) Clearing Corporation (b) Arbitration

(c) SEBI (d) Court

(vi) After distributing dividends, a part of the profit is retained by the company for meeting fund requirements in future. The retained profits accumulated over the years are called : 1

(a) General Profit (b) Capital Gain

(c) Reserves and Surplus (d) Net Profit

## खण्ड – ब

### (विषयपरक प्रकार के प्रश्न)

रोज़गार कौशल पर दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर **20–30** शब्दों में दें । $3 \times 2 = 6$

6. प्रभावी संचार के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि प्रेषक को प्राप्तकर्ता से संदेश प्राप्त होने की अभिस्वीकृति प्राप्त हो । जबकि एक प्रेषक सूचना भेजता है, प्राप्तकर्ता प्राप्त संदेश पर प्रतिक्रिया प्रदान करता है । इस कथन के संदर्भ में दो प्रकार की प्रतिक्रियाएँ गिनाइये । **2**

7. एक स्व–प्रेरित व्यक्ति के गुणों की सूची बनाइए । **2**

8. कंप्यूटर एक नाजुक मशीन है जिसमें बहुत सारे गतिशील इलेक्ट्रॉनिक भाग होते हैं । हमें इसे धूल और क्षति से बचाने की जरूरत है । यदि हम लापरवाह रहेंगे तो यह कुशलता से काम नहीं करेगा । इस कथन के आलोक में कंप्यूटर की देखभाल एवं रखरखाव के महत्त्व का वर्णन कीजिए । **2**

9. एक उद्यमी द्वारा निष्पादित किन्हीं दो भूमिकाओं का उल्लेख कीजिए । **2**

10. बढ़ती जनसंख्या और विकास के कारण प्राकृतिक संसाधनों की खपत में वृद्धि हुई है । जितनी अधिक जनसंख्या होगी, हमें उतना ही अधिक भोजन, ऊर्जा और पानी की आवश्यकता होगी । जब हम अधिक फसलें उगाते हैं तो मृदा के पोषक तत्त्व खत्म हो जाते हैं और धीरे–धीरे मृदा अनुपयोगी हो जाती है । इसी तरह यदि हम कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस जैसे–जैसे जीवाश्म ईंधन का उपयोग जारी रखेंगे, तो बहुत जल्द ही हम इन प्राकृतिक संसाधनों से बाहर हो जाएँगे ।
पर्यावरण पर बढ़ती जनसंख्या के प्रभाव को समझाइए । **2**

दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **4** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक का **20–30** शब्दों में दीजिए । $4 \times 2 = 8$

11. रजिस्ट्रार स्वतंत्र वित्तीय संस्थान हैं जो स्टॉक एक्सचेंजों के साथ पंजीकृत होते हैं और सार्वजनिक होने वाली कंपनी द्वारा नियुक्त किए जाते हैं । सार्वजनिक निर्गम से संबंधित रजिस्ट्रार की दो भूमिकाएँ गिनाइए । **2**

12. द्वितीय बाज़ार उचित रूप से निष्पक्ष आधार पर कंपनियों और निवेशकों के लिए पूँजी वृद्धि के अवसर प्रदान करता है । द्वितीय बाज़ार एक ऐसा मंच है, जो सामान्यत: एक एक्सचेंज द्वारा संचालित होता है, जहाँ खुदरा और संस्थागत क्रेता और विक्रेता दोनों प्रतिभूतियों में व्यापार करने के लिए एक साथ आते हैं । द्वितीय बाज़ार निवेशकों के लिए तरलता सुनिश्चित करता है । निवेशक और प्रवर्तक नकदी प्राप्त करने के लिए द्वितीय बाज़ार में अपनी प्रतिभूतियाँ बेच सकते हैं । यह इच्छुक खरीददारों को निवेश के लिए प्रतिभूतियाँ खरीदने के अवसर भी प्रदान करता है । इस परिच्छेद के सन्दर्भ में द्वितीय बाज़ार के दो लाभों का वर्णन कीजिए । **2**

## SECTION – B

### (Subjective Type Questions)

Answer any **3** out of given **5** questions on Employability Skills. Answer each question in **20-30** words. **3 × 2 = 6**

6. For effective communication, it is important that the sender receives an acknowledgement from the receiver about getting the message across. While a sender sends information, the receiver provides feedback on the received message. In the context of this statement, enumerate two types of feedback. **2**

7. List the qualities of a self-motived person. **2**

8. A computer is a delicate machine with a lot of moving electronic parts. We need to protect it from dust and damage. If we are careless, it will not work efficiently. In the light of this statement, describe the importance of care and maintenance of computers. **2**

9. State any two role performed by an entrepreneur. **2**

10. Increasing population and development has led to the increase in consumption of the natural resources. The more the population, the more food, energy and water we need. When we grow more crops, the soil's nutrients are consumed and slowly the soil becomes unusable. Similarly if we continue to use fossil fuels, such as coal, oil and natural gas, very soon we will run out of these natural resources. **2**
    Explain the impact of increasing population on environment.

Answer any **4** out of given **6** questions in **20-30** words each. **4 × 2 = 8**

11. Registrars are independent financial institutions registered with stock exchanges and appointed by the company going public. Enumerate two roles of registrar related to public issues. **2**

12. The secondary market provides opportunities of capital appreciation for companies and investors on a fairly unbiased basis. The secondary market is a platform, usually run by an exchange, where both retail and institutional buyers and sellers come together to trade in securities. The secondary market ensures liquidity for investors. Investors and promoters can sell their securities to get cash. It also presents opportunities for interested buyers to buy securities for investment. In context of the para, describe the two advantages of secondary market. **2**

13. (a) डिपॉजिटरी प्रतिभागियों को परिभाषित कीजिए।
(b) डिपॉजिटरी भागीदार कौन हो सकते हैं ? **2**

14. निम्न में से किन्हीं **दो** मदों को समझाइए : **2**
(a) पूर्व तिथि
(b) निवेशक सुरक्षा कोष
(c) रिकॉर्ड तिथि

15. आज ₹ 5000 जमा राशि के मूल्य की गणना 2 वर्ष पश्चात् ज्ञात कीजिए जमा राशि (चक्रवृद्धि ब्याज), यदि ब्याज दर 8% है। **2**

16. तरल परिसंपत्तियाँ क्या हैं ? तरल अनुपात का सूत्र लिखिए। **2**

दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक का **50–80** शब्दों में दीजिए। **$3 \times 4 = 12$**

17. प्राथमिक बाज़ार का उपयोग जारीकर्ताओं द्वारा आरंभिक सार्वजनिक पेशकश या राइट्स इश्यू या इक्विटी या ऋण की बिक्री के लिए प्रस्ताव देकर निवेशकों से नई पूँजी जुटाने के लिए किया जाता है। प्रवर्तकों की पूँजी और बैंकों और वित्तीय संस्थानों से ली गई उधारी लंबी अवधि में व्यवसाय स्थापित करने या चलाने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकती है। इसलिए, कंपनियाँ जनता को इक्विटी में योगदान करने और व्यक्तिगत निवेशकों को अंश निर्गमित करने के लिए आमंत्रित करती हैं। इस अनुच्छेद के आलोक में अंशों के विभिन्न प्रकार के निर्गमन की व्याख्या कीजिए। **4**

18. किसी ऋण प्रपत्र के माध्यम से किसी कंपनी या सरकारी निकाय में आपका निवेश एक ऋण निवेश है। ऋण प्रपत्र क्या है ? ऋण प्रपत्र की विशेषताएँ बताइये। **4**

19. कंपनियाँ अपने लाभ का एक भाग अपने अंशधारकों को लाभांश के रूप में वितरित करती हैं। लाभांश आय कुल लाभांश के माध्यम से कमाई की मात्रा को मापती है जो निवेशक उस कंपनी में निवेश करके कमाते हैं। इस अनुच्छेद के संदर्भ में, लाभांश आय की गणना कैसे की जाती है और दी गई जानकारी के आधार लाभांश आय का पता लगाएँ। शेयर का बाजार मूल्य ₹ 500 और भुगतान किया गया वार्षिक लाभांश ₹ 20 है। **4**

20. निम्नलिखित शब्द पर चर्चा करें : **4**
(a) निवल मूल्य (b) मुद्रा का समय मूल्य
(c) निगमित विश्लेषण (d) ऋण निधि

21. म्यूचुअल फंड निवेशकों को पेशेवर निवेश प्रबंधकों द्वारा प्रबंधित विविध पोर्टफोलियो के लाभ के साथ इक्विटी, ऋण, रियल एस्टेट, प्रतिभूतियों जैसे परिसंपत्ति वर्गों में निवेश करने के लिए एक वैकल्पिक निवेश मार्ग प्रदान करते हैं। निवेशक एक विविध पोर्टफोलियो में छोटी राशि कभी–कभी ₹ 500 से भी कम राशि के साथ निवेश कर सकता है। निवेशकों के लिए इतनी राशि के साथ स्व–प्रबंधित पोर्टफोलियों में सार्थक विविधीकरण लाना मुश्किल होगा। म्यूचुअल फंड में निवेश के निर्णय फंड प्रबंधकों द्वारा लिए जाते हैं, जिनके पास एक सामान्य व्यक्तिगत निवेशक की तुलना में बेहतर निर्णय लेने की विशेषज्ञता, जानकारी और ज्ञान होता है।
(a) उन परिसंपत्तियों का उल्लेख कीजिए जिनमें म्यूचुअल फंड निवेश करते हैं। **1**
(b) म्यूचुअल फंड में निवेश के किन्हीं तीन लाभों का वर्णन करें। **3**

13. (a) Define depository participants.
(b) Who can be depository participants ? **2**

14. Explain any **two** of the following terms : **2**
(a) Ex-Date
(b) Investor Protection Fund
(c) Record Date

15. Calculate the value of deposit (Compound interest) of ₹ 5000 made today, 2 years hence if interest rate is 8%. **2**

16. What are quick (Acid) Assets ? Write the formula of Acid-Test Ratio. **2**

Answer any **3** out of given **5** questions in **50-80** words each. **3 × 4 = 12**

17. The primary market is used by issuers for raising fresh capital from the investors by making initial public offers or rights issues or offers for sale of equity or debt. The promoters capital and the borrowings from banks and financial institutions may not be sufficient for setting up or running the business over a long term. So companies invite the public to contribute towards the equity and issue shares to individual investors. In the context of this para, explain the various types of issues of share. **4**

18. Your investment in a company or a government body through a debt instrument is a debt investment. What is a debt instrument ? Explain the features of debt instrument. **4**

19. Companies distribute a portion of their profits as dividends to their shareholders. Dividend yield measures the quantum of earnings by the way of total dividends that investors make by investing in that company. In the context of this para, how dividend yield is calculated and find dividend yield with given information. Market price of share ₹ 500 and annual dividend paid is ₹ 20. **4**

20. Explain the following terms : **4**
(a) Net worth
(b) Time value of Money
(c) Corporate Analysis
(d) Loan Fund

21. Mutual Fund offers investors an alternate investment route to invest in asset classes such as equity, debt, real estate, securities with benefit of a diversified portfolio managed by professional investment managers. Investor can invest in a diversified portfolio with small amount as low as ₹ 500. Investors will find it difficult to bring meaningful diversification to a self-managed portfolio with such a small amount. Investment decisions in a mutual fund are made by fund manager who have expertise, information and knowledge to make better decisions than what a typical individual investor may be able to make.
(a) Mention assets in which mutual fund invests. **1**
(b) Describe any three benefits of investing in Mutual Fund. **3**